भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1453

जिसका उत्तर 15.12.2022 को दिया जाना है

हैदराबाद-विजयवाड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-65 को चौड़ा किया जाना

1453. श्री उत्तर कुमार रेड्डी:

श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का हैदराबाद से विजयवाड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-65 को चौड़ा कर छह और आठ लेन वाला बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 2012 के दौरान किए गए उक्त सड़क खंड को चार लेन का बनाया जाना वर्तमान यातायात की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है और उस सड़क खंड पर बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की धारा-93 और अनुसूची-13 के अनुसार त्वरित रेल और सड़क संपर्क अप्रैल, 2022 तक शुरू किया जाना और अप्रैल, 2024 तक पूरा किया जाना था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) हैदराबाद-विजयवाड़ा खंड के किमी 0.00 से किमी.14.00 को पहले से ही 4/6 लेन का कर दिया गया है और वर्तमान में यह ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के पास है।

रारा-65 के हैदराबाद-विजयवाड़ा के किलोमीटर 15.00 से किलोमीटर 40.00 तक के खंड का 6 लेन का काम पहले ही शुरू हो चुका है।

2012 के दौरान रारा-65 (लंबाई 181.50 किमी) के 40.000 किमी से 221.500 किमी तक हैदराबाद-नंदीगामा खंड को 4-लेन किया गया था। इस खंड को 6-लेन करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वर्तमान यातायात को समायोजित करने के लिए 4-लेन सड़क पर्याप्त है।

रारा-65 (लंबाई 49.2 किमी) का नंदीगामा-इब्राहिमपटनम-विजयवाड़ा खंड वर्ष 2004 में 4-लेन का था। इसके अलावा, रारा-65 के नंदीगामा-इब्राहिमपट्टनम-विजयवाड़ा खंड पर, नंदीगामा और कांचिकचेरला के लिए मौजूदा 2-लेन बाइपास की 6-लेन 24.03.2021 को (0.88 किमी को छोड़कर) पूरी हो गई थी।

कुछ दुर्घटना क्षेत्रों की पहचान की गई थी, जिसके लिए अल्पावधि उपाय जैसे फुटपाथ चिह्नों, साइन बोर्ड, सोलर ब्लिंकर, रंबल स्ट्रिप्स आदि को पहले ही पूरा कर लिया गया है और 17 ब्लैक स्पॉट स्थानों पर अंडरपास (वीयूपी/एलवीयूपी/सर्विस रोड आदि) के साथ दीर्घकालिक उपाय किए गए हैं।

*****

भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1453

जिसका उत्तर 15.12.2022 को दिया जाना है

हैदराबाद-विजयवाड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-65 को चौड़ा किया जाना

1453. श्री उत्तर कुमार रेड्डी:

श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का हैदराबाद से विजयवाड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-65 को चौड़ा कर छह और आठ लेन वाला बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 2012 के दौरान किए गए उक्त सड़क खंड को चार लेन का बनाया जाना वर्तमान यातायात की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है और उस सड़क खंड पर बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की धारा-93 और अनुसूची-13 के अनुसार त्वरित रेल और सड़क संपर्क अप्रैल, 2022 तक शुरू किया जाना और अप्रैल, 2024 तक पूरा किया जाना था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) हैदराबाद-विजयवाड़ा खंड के किमी 0.00 से किमी.14.00 को पहले से ही 4/6 लेन का कर दिया गया है और वर्तमान में यह ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के पास है।

रारा-65 के हैदराबाद-विजयवाड़ा के किलोमीटर 15.00 से किलोमीटर 40.00 तक के खंड का 6 लेन का काम पहले ही शुरू हो चुका है।

2012 के दौरान रारा-65 (लंबाई 181.50 किमी) के 40.000 किमी से 221.500 किमी तक हैदराबाद-नंदीगामा खंड को 4-लेन किया गया था। इस खंड को 6-लेन करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वर्तमान यातायात को समायोजित करने के लिए 4-लेन सड़क पर्याप्त है।

रारा-65 (लंबाई 49.2 किमी) का नंदीगामा-इब्राहिमपटनम-विजयवाड़ा खंड वर्ष 2004 में 4-लेन का था। इसके अलावा, रारा-65 के नंदीगामा-इब्राहिमपट्टनम-विजयवाड़ा खंड पर, नंदीगामा और कांचिकचेरला के लिए मौजूदा 2-लेन बाइपास की 6-लेन 24.03.2021 को (0.88 किमी को छोड़कर) पूरी हो गई थी।

कुछ दुर्घटना क्षेत्रों की पहचान की गई थी, जिसके लिए अल्पावधि उपाय जैसे फुटपाथ चिह्नों, साइन बोर्ड, सोलर ब्लिंकर, रंबल स्ट्रिप्स आदि को पहले ही पूरा कर लिया गया है और 17 ब्लैक स्पॉट स्थानों पर अंडरपास (वीयूपी/एलवीयूपी/सर्विस रोड आदि) के साथ दीर्घकालिक उपाय किए गए हैं।

*****